आपके शहर के चेतावनी संकेत साइरन

फ्रीसको अग्निशमन विभाग हर बुधवार को आपके मुहल्ले में लगे हुए बाहरी साइरन को बजाता है| यंत्रों से निकलने वाली आवाज़ की साप्ताहिक जाँच इसलये की जाती है की यह हमेंशा मालूम रहे की ये यंत्र काम कर रहे हैं और फ्रीसको के नागरीकों को गंभीर प्राकृतिक आपदाओं के लिए तैयार होने का समय मिले|

परीक्षण

फ्रीसको अग्निशमन विभाग तभी साइरन को बजा कर जाँच करता है जब आसमान में बादल होते हैं लेकिन कोई गंभीर प्राकृतिक ख़तरे की संभावना ना होती हो| अगर मौसम के वजह से वास्तव में कोई खतरा होने की संभावना हो तो ये जाँच रोक दिए जाते हैं|

चेतावनी साइरन

फ्रीसको शहर में कुल 35 साइरन हर मुहल्ले की सुरक्षा हेतु लगाए गये हैं| ये साइरन ज़रूरत के हिसाब से एक साथ या अलग-अलग बजाए जा सकते हैं| ये साइरन एक पूरे मुहल्ले की सुरक्षा के लिए छोटे समूह में भी बजाए जा सकते हैं| ये चेतावनी साइरन केन्द्रिये फाएर स्टेशन या फ्रीसको पुलिस विभाग के 911 डिसपॅच रूम से नियंत्रित किए जाते हैं| कुछ अग्निशमन विभाग के वाहनों में भी इन साइरन यंत्रों को नियंत्रित करने की क्षमता है|



आपके मुहल्ले में लगे ये चेतावनी साइरन आने वाले गंभीर ख़तरे को बताने के लिए कुछ अलग अलग तरह के आवाज़ निकलते हैं| टॉर्नेडो अर्थात बवंडर, सत्तर मील से भी तेज जानलेवा हवा की गति और सवा इंच से बड़े व्यास के ओले की सूचना तत्परता से भेजी जाती है| रेडियो, टेलीविज़न (और विशेष कर के शहर के प्रशाश्निक चैनेल) और फाएर और पुलिस विभाग के वाहनों पे लगे हुए जनता को सूचना प्रदान करने के यंत्र भी ज़रूरत के अनुसार उपयोग किए जाते हैं|

चेतावनी साइरन से निकलने वाले दो तरह के आवाज़ हैं:

विलाप संकेत: यह आवाज़ अत्यंत ख़तरनाक मौसम का संकेत है (और टॉर्नेडो अर्थात बवंडर का भी)| मत भूलें की यह हर बुधवार को जाँच करने के लिए भी बजाया जाता है|

चेतावनी संकेत: यह आवाज़ फ्रीसको के नगरीकों को अन्य ख़तरों की सूचना देने के लिए है जैसे कोई ख़तरनाक पदार्थ की घटना की सूचना|

आपका कर्तव्य

अगर आप ये चेतावनी के साइरन सुनें तो, तुरंत अंदर जायें और सुरक्षित स्थान में अपनें को स्थित करें| रेडियो अथवा टेलीविजन पे ख़तरे से संबंधित सुरक्षा के निर्देशों को ध्यान से सुनें| WBAP 820 हमारे क्षेत्र का अधिकारिक आपदा सूचना माध्यम (Emergency Alert System) है| फ्रीसको के जिन नगरीकों के पास केबल की सुविधा है वो इन चैनेलों का भी लाभ उठा सकते हैं|

- चैनेल 12 ग्रांडे ग्राहकों के लिए
- चैनेल 16 टाइम-वॉरनर ग्राहकों के लिए
- चैनेल 37 वराइजन फ़ियोस ग्राहकों के लिए
- चैनेल ९९ एटी&टी ग्राहकों के लिए

जब तक खतरा टल ना जाए, अंदर ही रहें| कृपया 911 या फ्रीसको अग्निशमन विभाग को फोन ना करें अगर आपकी या किसी और की जान ख़तरे में ना हो अथवा आप किसी संकटजनक स्थिति कीसूचना प्रदान करना चाह रहे हों|